# छोटी दीपावली को सोने-चांदी के जेवर, कपड़े व मिठाई की दुकानों पर भीड़ उमड़ी

**नोखा,** (कासं)। छोटी दीपावली को नोखा के बाजारों में जमकर खरीदारी हुई। शगुन के तौर पर खरीदा झाड़ू, सोना-चांदी, मिठाई व कपड़े तथा इलेक्ट्रोनिक सामान भी खूब बिका।

सुबह से ही नोखा कस्बे के तहसील रोड, नवली गेट, सुजानगढ़ रोड, जैन चौक, हनुमान मंदिर, लखारा चौक, कृष्ण मंदिर, सदर बाजार, कटला

- **इस साल फसल अच्छी होने से किसानों व आमजन ने भी जमकर खरीदारी की**

चौक, भूतड़ा कोल्हू, महावीर चौक, बस स्टैंड, निजी बस स्टैंड, गांधी चौक सहित सभी प्रमुख बाजारों में हर तरफ जहां भी नजर जाती थी, वहां महिला, पुरूष व युवा और बुजुर्ग दुकानों में खरीदारी करते हुए दिखाई दिए।

इस साल फसल अच्छी होने के बाद किसानों और आमजन के बाजारों में खरीदारी करने आने के बाद दीपावली के अवसर पर सोना, चांदी, कुंदन, जड़ाऊ, और अन्य जेवरात कीमती धातु के पारंपरिक सोने-चांदी के जेवरात, चांदी के बर्तन की जमकर खरीद हो रही है। इसके साथ ही सौन्दर्य प्रसाधन की सामग्री, खिलौने, रेडीमेड, वस्त्र, मिट्टी के दीपक, सजावटी सामान के साथ कॉस्मेटिक आइटम और आतिशबाजी की खरीदारी करने बाजारों में भीड़ रही।



नोखा के बाजार में ज्वैलरी की दुकान से जेवर खरीदती महिलाएं।



अनूपगढ़ में छोटी दीपावली पर बाजार में खदीदारों की भीड़ उमड़ी।

धनतेरस के अवसर पर स्टील, तांबा, कांसी, पीतल, लोहे सहित अन्य धातुओं के बर्तनों की भी जमकर बिक्री हुई। लोगों ने शगुन के तौर पर झाडू भी खरीदा। औषधालय में धन्वंतरि और कुबेर पूजन किया गया। नोखा थानाधिकारी हंसराज लूना बाजार में पूरे दिन मय जाब्ता गश्त पर रहे। बाजार में जगह-जगह पाइंट बनाकर पुलिस को तैनात किया गया। वहीं भारी वाहनों को रोकने के लिए मुख्य बाजार में बेरिकेडिंग की गई।

**बाजारों में उमड़ी भीड़ :** अनूपगढ़ में बुधवार को नरक चतुर्दशी, रूप चौदस और छोटी दीपावली बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है। छोटी दीपावली के दिन अनूपगढ़ के बाजार में काफी भीड़ देखने को मिल रही है। आज छोटी दीपावली के अवसर पर लोग बाजार में मिठाईयां, सजावट का सामान, कपड़े, बर्तन, सोने चांदी के जेवर, इलेक्ट्रोनिक सामान सहित अन्य सामान खरीदते हुए दिखाई दे रहे हैं।

छोटी दीपावली के अवसर पर आज शाम को लोग अपने घरों को दीपकों से सजायेंगे। घरों को सजाने के लिए लोगों के द्वारा अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। अनूपगढ़ के श्री गणेश मंदिर धाम के पुजारी राजेश शास्त्री ने बताया कि आज के दिन विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण, यमराज और हनुमानजी की पूजा-अर्चना की जाती है।

श्री गणेश मंदिर धाम के पुजारी राजेश शास्त्री ने बताया कि नरक चतुर्दशी, रूप चौदस का जीवन में विशेष महत्व होता है। उन्होंने बताया कि इस दिन लोग सूर्योदय से पहले नहाकर घर की साफ-सफाई करते है। उसके बाद श्रीकृष्ण, यमराज और हनुमान की विशेष रूप से पूजा की जाती है।

उन्होंने बताया कि इस दिन दीपक जलाकर घर के कोनों और दरवाजों को रोशन किया जाता है ताकि जीवन में शांति, सुख, समृद्धि का आ सके। इस दिन लोग दीपक जलाते हैं, जिन्हें यमदीप कहा जाता है ताकि परिवार में किसी भी प्रकार की समस्या से बचा जा सके।

पंडित राजेश शास्त्री ने बताया कि शाम को घरों के आंगन और दरवाजों को दीपकों से सजाया जायेगा। आज के दिन मिट्टी के दीपकों का विशेष महत्व है और लोग अपने परिवार के साथ मिलकर दीपकों की रोशनी में अपनी खुशियों को बांटते हैं। उन्होंने बताया कि घरों में विशेष पकवान बनाए जाते और परिवार और दोस्तों को मिठाईयों का आदान-प्रदान करते हैं।

## कमल निर्माण प्रतियोगिता

**बीकानेर,** (कासं)। रांगड़ी चौक स्थित तपागच्छ पौषधशाला में मुनि पुष्पेन्द्र विजय और प्रखर प्रवचनकार श्रुतानंद महाराज के सानिध्य में चल रहे चातुर्मास आयोजन के दौरान श्रीसकल संघ के श्रावक श्राविकाओं द्वारा दीपावली के उपलक्ष में लक्ष्मीजी का सामूहिक रूप से जाप किया गया। इसके साथ ही यहां हस्तनिर्मित कमल निर्माण की प्रतियोगिता भी हुई।

आत्मानंद जैन सभा चार्तुमासिक समिति के सुरेन्द्र बद्धानी और शांतिलाल हनुजी कोचर ने बताया कि जैन मुनियों के सानिध्य में सैकड़ों श्रावक श्राविकाओं को जैनधर्मानुसार धनतेरस पर्व पर अपने अपने घरों से लाई गई लक्ष्मीजी की मूर्तियों, तस्वीरों और श्रीयंत्र के समक्ष धूप दीपक, फल नैवेद्य तथा पुष्पों सहित विधि विधान से स्थापति कर 108 बार मंत्रोच्चार कर जाप और वासकक्षेप से पूजा की गई।

जाप के बाद लक्ष्मी स्वरूप में विराजित बालिका के समक्ष लक्ष्मीजी की आरती का सामूहिक गायन किया गया। पूजन उपरांत बालिका स्वरूप लक्ष्मीजी ने धन प्राप्ति उपरांत इसका उपयोगिता सर्वहित में लगाने सहित अन्य सदुपयोग का संदेश दिया।

कार्यक्रम में पुष्पेन्द्र विजय द्वारा मंगलाचरण किया गया। मुनि श्रुतानंद ने प्रवचन के दौरान ने बताया कि दीपावली के दिन 24 वें तीर्थकर महावीर स्वामी के शाश्वत संसार को छोड़कर मोक्ष की ओर पधारे थे। उसके बाद सभी गुणीजनों का मानना था कि भाव दीपक तो चला गया तो हम द्रव्य दीपक जलाकर भक्ति करेंगे। इसी दिन से जैनशास्त्रों के अनुसार दीपावली पर्व की शुरूआत हुई। कार्तिक सुदी एकम को निर्वाण कल्याणक के दिन गौतम स्वामी को ज्ञान दर्शन की प्राप्ति हुई थी।

### सार-समाचार

## अर्जुनराम मेघवाल सक्रिय सदस्य बने



केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को शहर भाजपा अध्यक्ष विजय आचार्य ने भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाया।

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सदस्यता अभियान में आज बीकानेर सांसद व केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, भाजपा सक्रिय सदस्य अभियान संयोजक नरेश नायक ने रसीद भरवाकर सक्रिय सदस्य बनाया और मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान में जिले से बूथ तक हर कार्यकर्ता जिसने 100 से ज्यादा साधारण सदस्य बनाए हैं। उनको सक्रिय सदस्य बनकर पार्टी की पार्टी हित में काम कर सहयोग करना चाहिए। जिससे हम एक मजबूत राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर महामंत्री मोहन सुराणा, श्यामसुंदर चौधरी, मंत्री मनीष सोनी, गोपाल अग्रवाल, जेठमल नाहटा, इंद्र राव, पंकज अग्रवाल उपस्थित थे।

## रात्रि चौपाल में समस्याएं सुनी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला कलेक्टर कानाराम संवेदनशील हैं। जनसुनवाई के साथ-साथ रात्रि चौपाल के माध्यम से आमजन तक पहुंच कर समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रयासरत हैं। इसी सिलसिले में जिला कलेक्टर ने हनुमानगढ़ पंचायत समिति की मुंडा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल की। चौपाल में अतिक्रमण, डिग्गियों की साफ-सफाई, आम रास्तों को खुलवाने, उज्ज्वला योजना में सब्सिडी युक्त गैस सिलेंडर का लाभ दिलवाने, सोसायटी डिस्मेंटल के बाद भूमि का नामांतरण करने, हड्डा रोड़ी के लिए भूमि चिन्हीकरण से संबंधित 36 परिवाद सौंपे। जिला कलेक्टर ने कहा कि आमजन की ओर से सौंपे गए सभी परिवादों का समयबद्ध निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने ग्राम वासियों से राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे से मरने वालों का शोक करने के बजाए बेहतर है कि हम समय रहते उन्हें समझाएं। उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए हरसंभव प्रयास करते हुए मुख्यधारा में जोड़ने की जिम्मेदारी उठाएं। साथ ही, संकल्प लें कि नशा नहीं करेंगे। इस मौके पर मानस अभियान अंतर्गत नशा मुक्ति गतिविधियों जैसे निबंध, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिताओं में प्रथम रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर सहित एसडीएम मांगीलाल सुथार, जिला परिषद एसीईओ देशराज बिश्नोई, ग्राम पंचायत सरपंच अमर सिंह, जिला परिषद सदस्य रानी, जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, ग्राम विकास अधिकारी रेणु पूनिया और ग्रामीण मौजूद थे।

# पति, सास-ससुर ने मार कर महिला को नहर में फैंका था

**छतरगढ़,** (कासं)। यहां के पास इंदिरा गांधी नहर किनारे महिला का शव मिलने के मामले का पर्दाफाश हो गया है। जिस महिला का शव मिला था, उसे पति के साथ सास-ससुर ने मिलकर मार दिया था। हत्या करने के बाद शव को काफी दूर आकर इंदिरा गांधी नहर किनारे फैंक दिया। ट्रेक्टर से शव फैंकते समय हड़बड़ाट रही और शव नहर में नहीं गिरा। ऐसे में उसकी पहचान हो गई और हत्या का राज भी खुल गया।

- **पति सहित तीन गिरफ्तार, ट्रेक्टर से शव फैंकते समय हड़बड़ाट रही और शव नहर में नहीं गिरा ऐसे में उसकी पहचान हो गई और हत्या का राज भी खुल गया**

छतरगढ़ थानाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि शव मिलने के साथ ही स्पष्ट था कि ये हत्या की गई है। ब्लाइंड मर्डर होने से सीसीटीवी फुटेज से लेकर दूसरे सभी तरीके आजमाये। इस इलाके में सीसीटीवी कैमरे कम है। ऐसे में छानबीन के काफी मुश्किल हो गई फिर भी तकनीक का सहारा लिया। आखिरकार संदेह के आधार पर मृतका के पति जगजीत सिंह से कड़ाई से पूछताछ की तो हत्या की वारदात का खुलासा हो गया। फिलहाल पति जगजीत सिंह के साथ ही अनूपगढ़ निवासी कर्मजीत सिंह और शेरसिंह को गिरफ्तार किया गया है। हत्या में सहयोगी जगजीत सिंह के माता-पिता की पुलिस को तलाश है।

मृतका गगनदीप पंजाब की निवासी थी ओर अनूपगढ़ में जगजीत के घर के आस-पास रिश्तेदारों के यहां आना-जाना था। दोनों में प्रेम हो गया और शादी कर ली। गगनदीप को शक था कि शादी के बाद भी जगजीत का किसी और महिला से अफेयर है। ऐसे में गृह क्लेश होने लगा। इसी के चलते जगजीत और उसके माता-पिता ने गला दबाकर गगनदीप की हत्या कर दी। इनमें से जगजीत को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन दो अन्य को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने ट्रैक्टर से लाश को ठिकाने लगाने में मदद की थी। ऐसे में पुलिस को अभी भी जगजीत के माता-पिता यानी मृतका के सास-ससुर की तलाश है। हत्या का राज खोलने में छतरगढ़ थानाधिकारी संदीप सिंह के अलावा पूगल थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह, छतरगढ़ के एएसआई गोविंद सिंह, पूगल के हैड कांस्टेबल धर्माराम, कानि. रविन्द्र कुमार शामिल थे।

## सैनी सामूहिक विवाह समारोह 12 को

**बीकानेर,** (कासं)। धन त्रयोदशी की शुभ वेला पर मंत्रोच्चार के साथ गोपेश्वर बस्ती स्थित शिव पार्वती भवन में माली सैनी सामूहिक विवाह समारोह के मांगलिक कार्यक्रमों की शुरूआत गणेश विराजित करके की गई।

माली सैनी सामूहिक विवाह समारोह समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटी ने बताया कि गणेश विराजित करने के साथ ही निमंत्रण पत्रिका का विमोचन भी सामाजिक बंधुओं द्वारा किया गया। माली समाज के गुरु सुनील महाराज व पं. उत्तम महाराज द्वारा मुरली-एकता गहलोत के सानिध्य में पूजन कार्य सम्पन्न करवाया गया। अध्यक्ष भाटी ने बताया कि 12 नवम्बर को होने वाले इस सामूहिक विवाह समारोह को पूर्णतः भव्य बनाने के लिए कमेटियों का गठन किया गया है। स्वागत से लेकर विदाई तक सभी दायित्वों को अलग-अलग कार्यकर्ताओं को सौंपा गया है।

# बीकानेर में होगी 10 करोड़की आतिशबाजी

**बीकानेर,** (कासं)। दीपावली की रात को बीकानेर शहर और जिले में इस बार 10 करोड़ की आतिशबाजी होगी। धनतेरस से जगह-जगह पर आतिशबाजी होने लगी है। इस बार पटाखों की रेट में पिछले साल की तुलना में 12 से 15 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए बीकानेर में इस बार होने वाली आतिशबाजी में 80 प्रतिशत पटाखे ग्रीन होंगे।

- **इस बार पटाखों की रेट में पिछले साल की तुलना में 12 से 15 प्रतिशत तक इजाफा हुआ**

हालांकि पटाखों की रेंज में कोई ज्यादा बदलाव नहीं आया है परंतु पटाखों पर लगे हुए देवी-देवताओं के चित्रों का स्थान कार्टून फिल्मों में दिखने वाले भीम और छुटकी ने लिया है। वहीं बीकानेर में दो जगहों पर फूलझड़ियां बनाने का काम भी होता है। सालभर में यहां करीब 50 लाख रूपए की फूलझड़ियां बनाई जाती है।

बीकानेर में सबसे ज्यादा डिमांड गंगा-जमुना और लैला मजनू पटाखों की होती है। इसके बाद यहां बच्चों के लिए पॉप-पॉप सहित कई तरह की फूलझड़ियां और अन्य छोटे पटाखे मिल रहे हैं।

पटाखा एसोसिएशन से जुड़े वीरेंद्र किराड़ू बताते हैं कि ग्रीन पटाखों की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। पटाखा विक्रेता पर्यावरण प्रदूषण को फैलने से बचाने के लिए लिए ग्रीन पटाखे बेचे जा रहे हैं। 20 प्रतिशत तक अभी भी सामान्य पटाखे बेचे जा रहे हैं जो पिछले सालों के स्टॉक में पड़े थे। दुकानदार अब इन पटाखों के बेचने का प्रयास कर रहे हैं।

# टैक्स चोरी की बीड़ी पर 4.50 लाख का जुर्माना

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य कर विभाग के अधिकारियों द्वारा जब्त की गई टैक्स चोरी की बीड़ी से विभाग को करीब साढ़े चार लाख रूपए का राजस्व मिला है।

बीड़ी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले से जोधपुर जाने वाली थी। पिछले दिनों गुवाहटी एक्सप्रेस के बीकानेर पहुंचने पर एक बोगी को चेक किया गया, जिसमें 101 बोरे बीड़ी के टैक्स चोरी के पाये गए। राज्य कर विभाग के अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) महेंद्र कुमार छींपा ने बताया कि बीड़ी के बोरों का भौतिक सत्यापन करने पर बिल संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिले। ऐसे में माल को कर चोरी का मानते हुए उस पर सौ फीसदी जुर्माना लगाया गया है।

- **बीड़ी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले से जोधपुर जाने वाली थी**

उन्होंने बताया कि छोटू सिंह नाम के व्यक्ति द्वारा जुर्माना जमा करवाने के बाद बीड़ी के 101 बोरों को रिलीज किया गया। बता दें पिछले एक महीने में राज्य कर विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई में विभाग को करीब 30 लाख रूपए का राजस्व कर चोरी के सामान से प्राप्त हुआ है। विभाग की फ्लाइंग टीम ने बीड़ी, दो निजी बसों तथा टैक्स चोरी के एग्रीकल्चर सामान को जब्त किया था।

## इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि आज

**बीकानेर,** (कासं)। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 40 वीं पुण्यतिथि पर 31 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुष्पांजलि और स्मरण सभा का आयोजन रखा गया है।

संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि उपनगर गंगाशहर स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा स्थल पर जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में होने वाले इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, लोकसभा विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी, पीसीसी सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष मय कार्यकारिणी, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, सेवादल इंटक, एनएसयूआई, मंडल अध्यक्ष सहित कांग्रेस विचारधारा से जुड़े संगठनों के पदाधिकारी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

# ढड्ढा चौक में पावापुरी तीर्थ की कृति थर्माकोल से बनाई

**बीकानेर,** (कासं)। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज के निर्देशन में ढड्ढा चौक के कोठारी भवन में भगवान महावीर के निर्वाण दिवस व दीपावली पर्व पर पावापुरी तीर्थ की थर्माकोल से प्रतिकृति बनाई जा रही है।

जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर ने बताया कि भगवान महावीर अंतिम 16 प्रहर देशना पावापुरी तीर्थ में दी थी। बिहार के नालंदा जिले की पावापुरी के राजा हस्तिपाल ने अपने राज्य में भगवान को स्थान दिया। उनकी देशना से ही उत्तराध्ययन सूत्र की रचना हुई। प्रभु ने पावापुरी में प्रथम गणधर श्री गौतम स्वामी को निकट गांव में देव शर्मा ब्राह्मण के यहां उपदेश देने के लिए भेजा। पावापुरी में उतराध्ययन का निरूपण करते हुए अमावस्या की रात के अंतिम प्रहर, स्वाति नक्षत्र में निर्वाण प्राप्त किया।

- **दो नवम्बर को भगवान महावीर स्वामी के मंदिरों में चतुर्विद संघ के साथ निर्वाण का लड्डू चढ़ाया जायेगा**

मुनि संवेग रतन सागर महाराज ने उत्तराध्ययन सूत्र में भगवान महावीर की अंतिम देशना का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु महावीर ने केवल ज्ञान के प्रकाश के माध्यम से बताया कि अपने कल्याण के लिए काक प्रवृति के लोगों से बचे। कलयुग में लोगों के साथ संत महात्मा भी काक प्रवृति हो रहे है। जीवन में आत्म कल्याण व परमात्म प्राप्ति का ध्येय रखकर साधना, आराधना व प्रभु भक्ति करने वाले महान आत्माओं का उपाश्रय लें। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर की निश्रा में शुक्रवार को भगवान महावीर का निर्वाण कल्याण जप, तप व मंदिरों में पूजा के साथ मनाया जायेगा। ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा ने बताया कि बताया कि 2 नवम्बर को भगवान महावीर स्वामी के मंदिरों में चतुर्विद संघ के साथ निर्वाण का लड्डू चढ़ाया जायेगा।

# सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह के तहत वॉकथॉन आयोजित

**बीकानेर,**(कासं)। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह के तहत पंजाब नेशनल बैंक द्वारा बुधवार को वॉकथॉन का आयोजन किया गया। केन्द्रीय विधि एवं कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने वृद्धजन भ्रमण पथ के आगे से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया।

मेघवाल ने इस अवसर पर कहा कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के उद्देश्य से 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि देश की उन्नति में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। छोटी-छोटी शुरूआत करते हुए देश को प्रगति के पथ पर बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित गतिविधियों की सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। मेघवाल ने कहा कि बैंक द्वारा सामाजिक सरोकार के कार्य भी हाथ में लिए जाएं।




बीकानेर में केन्द्रीय विधि एवं कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने वृद्धजन भ्रमण पथ के आगे से हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन को रवाना किया।

स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, अधिक से अधिक पौधे लगाने जैसे कार्यों में आमजन की भागीदारी रहे। उन्होंने कहा कि सत्य की राह पर चलना और कार्य के प्रति निष्ठा रखना, भारत की संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। आज के दौर में इनकी प्रासंगिकता बढ़ी है। पीएनबी के मंडल प्रमुख रजिन्द्र मोहन शर्मा ने सप्ताह भर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान पीएनबी के मुख्य प्रबंधक गिराधारी लाल मीना, नाथूलाल रेगर, वरिष्ठ प्रबंधक दीपक हर्ष, कार्यक्रम वासुदेव खत्री, अरविंद भारद्वाज, अमित धवल, दिलीप सिंह राठौड़, अधिकारी संगठन से चंद्रकांत व्यास, रामप्रताप गोदारा एवं चेतराम आदि मौजूद रहे।

- **28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा**

## मंडी में से 6 बैग सरसों चोरी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के गजसिंहपुर की धानमंडी में दुकान के आगे से छह बैग सरसों चोरी होने का मामला सामने आया है। आरोपी इन बैग को कार में लादकर ले गया।

व्यापारी ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो इसमें एक आरोपी कार में सरसों के बैग लादते नजर आया। इस पर मंगलवार रात गजसिंहपुर थाने में मामला दर्ज किया गया। व्यापारी ने बताया कि पिछले कई दिन से उसकी दुकान के आगे सरसों के 32 बैग तुलाई के बाद रखे हुए थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। गजसिंहपुर की धानमंडी के आढ़त व्यापारी इंद्रगोपाल पुत्र जमनादास ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसने कुछ दिन पहले सरसों के 32 बैग तुलाई करवाकर इन्हें धानमंडी में दुकान के आगे रख छोड़ा था। दुकान के बाहर रखे बैग गिने तो इनमें छह कम मिले। इस पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो मंगलवार अल सुबह एक व्यक्ति कार में लादकर ले जाने का पता लगा।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक ,उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए **दिनांक 19.11.2024 को 15.00 बजें** तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **ई-निविदा सूचना संख्या.137-24-25. कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, सादुलपुर के अधीन बीकानेर मंडल पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत लोहारू स्टेशन के शॉफ्ट अपग्रेडेशन के संबंध में 12 मीटर चौड़ाई के फूट ओवर ब्रिज का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत:** रु. 71823894.08/- **धरोहर राशि:** रु. 509100.00/-. **नोट:-** अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **1260-AR/24**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में शील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या. एस. एंड टी-बी.के.एन.-ईटी-302. कार्य का नाम व स्थान :** अमृत भारत स्टेशन योजना के अर्न्तगत बीकानेर मंडल के अनुगढ और रायसिंहनगर रेलवे स्टेशनों के सरल उन्नयन, हेतु, न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के प्रावधान के साथ दिव्यांगजनों और अन्य यात्रीयो को यात्री सुविधा प्रदान करने के लिए सूचना प्रणाली का विस्तार करना। **अनुमानित लागत मुल्य:** ₹. 16650224.73/- **बिड सिक्यिरिटि राशि (रुपये में):** ₹. 233300.00/-. निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय: **20.11.2024** को **15.00** बजे तक। वेब साइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। **www.ireps.gov.in** **1262-AR/24**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- भू.वि./2024-25/335 **उजरदायरी** दिनांक : 29.10.2024

नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर की मॉडल टाउन प्रथम योजना में निलामी में आवंटित भूखण्ड सं. जी-4 माप 39'-0'' गुणा 69'-0'' फीट को श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री वेदप्रकाश आहूजा को आवंटित किया गया। आवंटी श्रीमती सुनीता देवी की मृत्यु दिनांक 02.10.2023 को हो जाने पर आवंटि के वारिसान (वारिस प्रमाण पत्र अनुसार) 1. श्री वेदप्रकाश आहूजा (पति) 2. श्री विजय आहूजा (पुत्र) निवासी मकान नम्बर ई-1, 2. मॉडल टाउन प्रथम, श्रीगंगानगर द्वारा प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र आवेदन पत्र, मय दस्तावेज की प्रतियों सलंग्न कर न्यास योजना मॉडल टाउन प्रथम भूखण्ड सं. जी-4 माप 39'-0'' गुणा 69'-0'' फीट का फ्री होल्ड पट्टा जारी करवाने हेतु निवेदन किया है। यह उजरदायरी साया करते हुए हर आम व खास, हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का पटटा जारी किये जाने के संबंध में किसी को कोई एतराज हो तो उजरदायरी प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में मय सबुत न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई उजर मान्य नहीं होगा एवं न्यास कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा श्री वेदप्रकाश आहूजा एवं श्री विजय आहूजा निवासी मकान नम्बर ई-1, 2, मॉडल टाउन प्रथम, श्रीगंगानगर के नाम से जारी करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर, (राज.)**

क्रमांक :- नियोजन/ 2024/ दिनांक:28/10/2024

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री मुन्शीराम मुहाल पुत्र श्री जय चंद निवासी 489 अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 एमएल मुरब्बा नं0 17 किला नं0 22 में माप 30 इन्टू 60 फीट भूखण्ड संख्या एम-40. रिद्धि-सिद्धि इन्कलेव-2 श्रीगंगानगर | नियमन पटटा संख्या 464 दिनांक 25.08.2011 को श्री अमरेन्द्र सिंह पुत्र श्री शकेन्द्र सिंह के नाम से पटटा जारी है। वर्तमान में भूखण्ड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री मुन्शीराम मुहाल द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध श्री मुन्शीराम मुहाल पुत्र श्री जय चंद निवासी 489 अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पटटे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेंजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास / हितबद्व व्यक्ति के देखने व पढने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/974

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान आवासन मण्डल

**RAJASTHAN HOUSING BOARD**

(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)

(**A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970**)

वृत-बीकानेर, **Circle-Bikaner**

क्रमांकः-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/687 दिनांक :-29/10/2024

**आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना -1978 में चालान संख्या 8220 द्वारा रूपये 4600/-जमा करवाकर श्रीमति आभा गुप्ता पुत्री श्री ज्ञान स्वरूप गुप्ता ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को आवास सं.01-स-05 पवनपुरी योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 260.60 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 11062 दिनाक 23.04.1982 को जारी किया गया था। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 02.05.1989 को पंजीकृत है।

तद्श्चात श्रीमति आभा गुप्ता पुत्री श्री ज्ञान स्वरूप गुप्ता ने उक्त आवास गिफ्ट आवास गिफ्ट डीड के माध्यम से अपनी सगी बहन श्रीमति विभा बंसल पुत्री श्री ज्ञान स्वरूप गुप्ता( पत्नि श्री पी.के.बंसल) को किया गया। उक्त गिफ्ट डीड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 05.10.2024 से पंजीकृत हैं।

श्रीमति विभा बंसल पुत्री श्री ज्ञान स्वरूप गुप्ता ( पत्नि श्री पी.के.बंसल )ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्रीमति विभा बंसल पुत्री श्री ज्ञान स्वरूप गुप्ता (पत्नि श्री पी.के.बंसल का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस मे अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में कसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमति विभा बंसल पुत्री श्री ज्ञान स्वरूप गुप्ता( पत्नि श्री पी.के.बंसल) का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना मे किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

असहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त बीकानेर

